पत्रांक/स्थापना–04/2017/226
बिहार पुलिस मुख्यालय
अभियान (आतंकवाद निरोधक दस्ता) प्रभाग

ए०टी०एस० कार्यालय, पटना
फैक्स नम्बर–0612–2215924
Whatsapp-8544428172
Email-atsunit-bih@nic.in

प्रेषकः–

पुलिस अधीक्षक,
ए०टी०एस०, बिहार, पटना।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक,
पुर्णिया।

पटना, दिनांक–22/11/24

प्रसंगः– Purnea LPG Bottling Plant, HPCL, Maranga, Purnea का संदर्भ संख्या–2660/HSE/Drill/24–25/11/01, दिनांक–20.11.2024।

विषय :– **दिनांक–29.11.2024 को Purnea LPG Bottling Plant, HPCL, Maranga, Purnea में संयुक्त आतंकरोधी अभ्यास तथा अभ्यास के पूर्व उक्त तिथि को 11:00 बजे पूर्वाहन में प्रस्तावित समन्वय गोष्टी में भाग लेने के संबंध में।**

महाशय,

वर्तमान समय में विशिष्ट कारणों से आतंकी घटनाओं की संभावनाओं एवं चुनौतियों को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अन्य सभी संबंधित हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से दिनांक–29.11.2024 को Purnea LPG Bottling Plant, HPCL, Maranga, Purnea में संयुक्त आतंकरोधी मॉक ड्रिल करने का निर्णय लिया गया है। विदित हो कि Purnea LPG Bottling Plant, HPCL, Maranga, Purnea एक महत्वपूर्ण औधोगिक स्थल है, इस उद्देश्य से यहाँ आतंकरोधी अभ्यास किया जाना नितांत आवश्यक है।

इस परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि को Purnea LPG Bottling Plant, HPCL, Maranga, Purnea में प्रस्तावित मॉक ड्रिल के पूर्व 11:00 बजे पूर्वाहन Vidya Vihar Institute of Technology, Maranga, Purnea के सभाकक्ष में आयोजित समन्वय गोष्ठि में भाग लेने एवं अभ्यास में सम्मिलित होने हेतु सभी संबंधित हितधारकों (स्वास्थ्य, अग्निशमन, Electricty, SDRF/NDRF/GRP, जिला बल, यातायात, पुर्णिया जिला/सीमापवर्ती जिला में प्रतिनियुक्त अर्द्धसैनिक बल) को अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा किया जाये।

इस पर अपर पुलिस महानिदेशक, ए०टी०एस०, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
22/11/24
पुलिस अधीक्षक,
ए०टी०एस०, बिहार, पटना।

प्रतिलिपि–

1. महानिरीक्षक–सह–अपर महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ। उपरोक्त प्रस्तावित बैठक एवं संयुक्त मॉक ड्रिल में जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पुर्णिया को शामिल होने हेतु अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाए।
2. जिला चिकित्सा पदाधिकारी, पुर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त प्रस्तावित बैठक एवं संयुक्त मॉक ड्रिल में सम्मिलित होने हेतु संबंधित को अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाए।
3. पुलिस अधीक्षक (अभियान), बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त प्रस्तावित बैठक एवं संयुक्त मॉक ड्रिल में सम्मिलित होने हेतु संबंधित को अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाए।
4. पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), विशेष शाखा, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त प्रस्तावित बैठक में अपनें बम निरोधक दस्ता टीम को शामिल होने हेतु संबंधित को निर्देश देने की कृपा की जाए।
5. प्राचार्य, Vidya Vihar Institute of Technology, Maranga, Purnea को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ। अनुरोध है कि दिनांक 29.11.2024 को अभ्यास के पूर्व समय 11:00 बजे समन्वय गोष्ठि एवं समय 13:00 बजे टीम ब्रिफिंग हेतु अपने संस्थान में व्यवस्था कराने का कष्ट करें।
6. निखिल कुमार वरिष्ठ संयंत्र प्रबंधक, Purnea LPG Bottling Plant, HPCL, Maranga, Purnea को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
7. पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, पुर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।

22/11/24
पुलिस अधीक्षक,
ए०टी०एस०, बिहार, पटना।